Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा भोजन

## कोई भूखा न रहे सोनिया रसोई का है मूल उददेश्य

चुनौती

**संवाददाता**

देहरादून। कोई भूखा ना रहे यही प्रयास है हमारा,सोनिया रसोई के माध्यम से हर रोज जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और प्रतिदिन सैकडों लोग सोनिया रसोई का लाभ उठाकर अपना व परिवार का पालन पोषण करने में जुटे हुए है ओर इस रसोई के माध्यम से कांग्रेस के कई कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से इस सामाजिक कार्य में जुटे हुए है।

वार्ड नम्बर 17 चुक्खुवाला मे कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह व लाल चंद शर्मा महानगर अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते परेशान लोगों, जरूरतमंदों, गरीब, मजदूर एवं बेसहारा पांच सौ से अधिक लोगो तक हर रोज भोजन पहुंचा रहे हैं और भोजन वही जरूरतमंद लोगो को राशन की भी लगातार व्यवस्था करा रहे है।इस पुण्य के



कार्य में कई कार्यकर्ता जुटे हुए है। इस अवसर पर वार्ड 17 के पार्षद अर्जुन सोनकर ने बताया की लॉकडाऊन के चलते गरीब मजदूर बेसहारा लोगो के आगे काम ना होने के कारण दो व्यक्त की रोटी न जुटा पाने का संकट आ गया था और जिसके चलते है रोज वार्ड एवं बस्तियों मे पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया रसोई के माध्यम से कई लोगों को तथा उनके परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे वह लोग सोनिया रसोई के कार्यकर्ताओं का भी लगातार आभार कर रहे है।

उन्होंने कहा कि वही ईश्वर से जल्द ही भारत इस महामारी पर विजय पायेगा और यह कोरोना वायरस हारेगा की लगातार प्रार्थना की जा रही है, वही उन्होने क्षेत्र एवं शहर के नागरीको से आग्रह किया है की लॉकडाऊन के नियमो का पालन करे ओर दूसरों को भी कोरोना से बचाव की जानकारी दे रहे है। महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि महानगर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा हर रोज कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर उनका मनोबल बढा रहे हैं। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा कि इस महामारी का बचाव ही सुरक्षा है और लोगों को अनावश्यक रूप से घरों के बाहर नहीं निकलना चाहिए और लॉकडाउन में शासन व प्रशासन द्वारा जारी किये गये नियमों का पूरी तरह से पालन किया जाये। उन्होंने कहा कि सामाजिक दूरी व अनुशासन का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए ओर अधिक से अधिक लोगों को इस महामारी से जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में सबसे ज्यादा असर धियाडी, मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ा है, क्योंकि लॉकडाउन के चलते वह अपना मजदूरी नहीं कर पा रहे है जिससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### सौ से अधिक जरूरतमंद के लिए राहत सामग्री पहुंचाई

**संवाददाता** देहरादून। आईआईटी रुड़की एल्यूमिनी एसोसिएशन देहरादून चौप्टर के सौजन्य से सौ से अधिक जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत सामग्री दी गई है जोकि जरुरतमंद परिवारों तक पहुंचा दी गयी है। साथ ही साथ संस्था के माध्यम से ढाई सौ पैकेट साबुन एनआईबीएच डिपार्टमेंट में दिए गये हैं। यहां जारी एक बयान में सेनि जनरल मैनेजर के सहयोग से संस्था को प्राप्त हुए थे। आपको बताते हुए हर्ष होगा कि आईआईटी रुड़की एल्यूमिनी एसोसिएशन के सौजन्य से लॉकडाउन शुरू होने से एवं खत्म होने तक शुभ दोपहर एवं शाम को भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है जिसमें 1000 से अधिक व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि संस्था के माध्यम से जब तक लॉकडाउन रहेगा एवं कोरोना का कहर समाज के बीच रहेगा, संस्था अपनी सेवाएं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच आती रहेगी। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### रक्तदान शिविर में कई युवाओं ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। महाकाल के दीवाने संस्था के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और इस अवसर पर सभी युवा वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस पुण्य कार्य को अपना आशीर्वाद देने के लिए डॉक्टर मुकुल शर्मा एवं हरीश नारंग उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रोशन राणा, मोतीलाल दीवान, हेमराज, राकेश आनंद, सचिन आनंद, हर्ष सूरी, दीपक जेठीने रक्त दान किया व अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे। इस अवसर पर कहा गया कि रक्तदान करने का उद्देश्य समाज में एक संदेश पहुंचाने का कार्य था जिससे युवा वर्ग इस संकट की घड़ी में रक्त दान करें।

### लोगों को कच्चा राशन उपलब्ध करा रही क्रेजी वॉरियर

**संवाददाता** देहरादून। क्रेजी वॉरियर के तत्वावधान में गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों को कच्चा राशन वितरित किया जा रहा है। यह संस्था दिन रात काम में लग करके घर–घर जाकर राशन पहुंचा रही है। यहां जारी एक बयान में संस्था से जुड़ी सिमरन सक्सैना ने बताया कि आज गोविंदगढ़ और खुड़बुड़ा लुनिया मौहल्ला में कच्चा राशन वितरित किया गया। जहां से भी कोई भी फोन आता है न दिन देखना न रात देखना राशन पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम राशन की किट में अपना फोन नंबर भी लिख करके डाल रहे हैं कि अगर उन्हें दोबारा जरूरत है तो वह हमें फोन करके मंगा सकते हैं।



## जरूरतमंद लोगों को भोजना की हो रही व्यवस्था

**संवाददाता** देहरादून। अपना आसरा संस्था ने संकट की इस विकट घडी में चार सौ से पांच सौ लोगों को भोजन बनाकर जरूरतमंद लोगों को वितरण करने का एक सेवा का संकल्प लिया हे। यहां जारी एक बयान में संसा की वालियंटियर रीना रांगडी ने कहा कि इस सुंदर भोजन वितरण सेवा का आयोजन गरीब, जरूरतमंद लोगों को भोजन खिलाने के लिए अपना आसरा रसोई की शुरूआत पूर्व में ही की गई थी और उन्होंने कहा कि भोजन खिलाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रे है और उन्होंने कहा कि भोजन खिलायेंगें तो वह अच्छा ही खिलायेंगें और कोरोना वायरस की जंग जीतेंगें भी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में उनके पति रमन रांगड भी पूरा सहयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति भूखा न रहे इस संकल्प के साथ जन सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि वालियंटियर मोबाइल वैन के माध्य से बस्तियों में घर घर खाना पहुंचा रहे है और भोजन वितरण में संस्था की टीम के सदस्य कंधे से कंधा मिलाकर लगे हुए है।

# एक लाख मॉस्क बनाने का कार्यकर्ताओं को दिया लक्ष्य

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट ने अपनी देहरादून महानगर की महिला कार्यकर्ताओं को घर पर ही रह कर 1 लाख मास्क बनाने को कहा गया है और इसके लिए तैयारियां आरंभ हो गई है।

महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल ने कहा है कि महानगर अध्यक्ष सीता राम भटट ने सभी चिकित्सकों, पुलिस कर्मियों, नर्सों एवं कोरोना योद्धाओं का आभार व्यक्त किया। महा नगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व पार्टी संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए

■राहत कोष में किया 13 लाख 39 हजार 975 रुपए का योगदान

महानगर भाजपा ने महिला कार्यकर्ताओं को हर बूथ से 125 मॉस्क बना कर देने का लक्ष्य दिया है जिसे जरूरतमंदों में वितरित किया जाएगा

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक बूथ से 50 कार्यकर्ता पीएम केयर फंड में कम से कम ₹100 का योगदान कर रहे हैं एवं प्रत्येक बूथ से मुख्यमंत्री राहत कोष में कम से कम दस हजार रूपये का योगदान किया जाना है जिस क्रम में अब तक तक 13 लाख 39 हजार 975 रुपए का योगदान कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा चुका है। उनियाल ने बताया कि देहरादून महानगर में मोदी किचन की संख्या बढ़कर 48 हो गई है जिनके द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से 30000 पैकेट प्रतिदिन भोजन जरूरतमंदों को वितरित किया जा रहा है जिसमें महानगर के सभी विधायक एवं पार्षद अपने–अपने क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने महानगर भाजपा कार्यकारिणी ने देहरादून के गणमान्य नागरिकों से आग्रह किया है कि वह अनावश्यक अपने घरों से न निकले मॉस्क एवं सैनिटाइजर का प्रयोग करें यदि आस–पास कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दें और इसके लिए सभी लोगों को व्यापक स्तर पर सजग रहने की आवश्यकता है।

## जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जा रही है राशन किट

**संवाददाता** देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स की राशन किट मे सैनिटाइजर, मास्क, ग्लब्स ,साबुन और दूध भी जरूरतमंदों को प्रदान किया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि कोरोना वायरस कोविड 19 की एक वैशविक महामारी के रूप में उभरकर सामने आयी है जिससे विश्व के लगभग सभी देश संक्रमण की मार झेल रहे है और इसी संक्रमण से देश की पूरी मानव जाति को सुरछित करने के लिए सरकार के साथ साथ कई सामाजिक संस्था भी गरीब मजदूर विधवा विकलांग बेशहारा लोगो की मदद के लिए आगे आये। इसी संदर्भ में लोक विज्ञान संस्थान एवं स्वराज अभियान ने अपनी सामजिक जिम्मेदारी को निभाने का प्रयास करते हुए संस्था के ईक्यूएमजी विभाग के वैज्ञानिक डॉ अनिल गौतम, इकबाल अहमद,प्रेम नारायण,राम सेवक के द्वारा हैण्ड सैनिटाइजर बनाया गया तथा समाज में फ्री वितरित करने के लिए नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान को 150 बोतलें मुहैया कराई गई हैं जो कि उनके द्वारा जरूरतमंदों को निःशुल्क वितरित की जाएंगी।